आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 16.12.2024 समय: 2.10 PM

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को दिन के 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 117वीं कडी होगी। श्रोता, टोल फ्री नम्बर 1800-11-7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। श्रोता अपने सुझाव नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिये भी ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। इस कडी के लिए सुझाव इस महीने की 27 तारीख तक भेजे जा सकते हैं।

विधानसभा पहला दिन

प्रदेश विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र के आज पहले दिन ध्यानाकर्षण के बाद सदन की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस ने हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया था । प्रश्नकाल में केवल दो प्रश्न ही हो पाए। सबसे पहले बुधनी से भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विजयपुर से निर्वाचित विधायक मुकेश मल्होत्रा सदन में नहीं पहुंचे, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ आज नहीं हो पाई। उससे पहले सदस्यों द्वारा दिवंगत पूर्व विधायकों और पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सियाराम बाबा को भी श्रद्धांजलि दी गई।

विजय दिवस-राजनाथ

आज विजय दिवस है. 1971 में आज ही के दिन भारत के सहयोग से पाकिस्तान के कब्जे से आज़ाद होकर पूर्वी पकिस्तान बांग्लादेश बना था। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र उन वीर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करता है जिन्होंने इस दिन 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को नमन किया।

जाकिर हुसैन निधन

महान तबला वादक जाकिर हुसैन का आज अमरीका में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि वे रक्तचाप संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।

क्रिकेट - सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

मुम्बई की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच में मुंबई ने मध्य प्रदेश को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्य प्रदेश ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन बनाए। मुंबई ने 18वें ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाकर मैच जीत लिया।

समाचार संक्षेप में ...

1. आगरमालवा जिले के ग्राम सूतड़ा मे पार्वती, कालीसिंध, चंबल और केन- बेतवा परियोजना का शुभारंभ एवं उसके प्रचार-प्रसार व जनजागृति लाने के लिए कल किसान संगोष्ठी आयोजित हुई.

2. बुरहानपुर जिले के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी आयुष सेवाएं की थीम पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन हुआ।

3. नर्मदापुरम में शासकीय एसएनजी स्कूल के छात्रों ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व अंतर्गत जनपद पंचायत नर्मदापुरम में विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। और

4. जबलपुर में शीत लहर को देखते हुए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूल के संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्कूल आज से 9 बजे के पूर्व संचालित नहीं होंगे।

------------------------